# व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग,

## उत्तर प्रदेश

**व्यवसाय : बेसिक कास्मेटोलॉजी**

**विषय : सैद्धांतिक**

**प्रसंग - फेस पैक**

**(FACE PACK)**

प्रस्तुतकर्ता:-

**पदमजा वर्मा (अनुदेशिका )**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

बिधूना,औरैया (उत्तर प्रदेश )

# BASIC COSMETOLOGY

प्रसंग : **फेस पैक और फेस मास्क**

TOPIC : **FACE PACK AND FACE MASK**

## फेस पैक की परिभाषा –

फेस पैक आमतौर पर एक तरीके का मास्क होता है जो लगने के बाद त्वचा पर चिपक जाता है. फेस पैक की परत पतली होती है जो आराम से लग जाती है और लगने के बाद बहुत जल्दी सूख जाती है. फेस पैक में जो घटक होते हैं वह त्वचा की गहराई तक जाते हैं और त्वचा को निखारते हैं.



# फेस पैक के प्रकार –

फेस पैक मुख्यतः 2 प्रकार के होते हैं :

1. होममेड फेस पैक
2. केमिकल फेस पैक




## 1. होममेड फेस पैक :

इसे हर्बल फेस पैक भी कहते हैं क्योंकि ये प्राकृतिक चीजों से बने होते हैं जैसे; हल्दी, चिरौंजी, बेसन, चोकर, दाल, नीम, मुल्तानी मिट्टी आदि के बने होते हैं क्योंकि ये घर की सामग्रियों के बने होते हैं.

इस तरह का फेस पैक पूरी तरह शुद्ध तथा सस्ता होता है. इस फेस पैक को बनाने के लिए रसोई घर की अनेक सामग्रियों को प्रयोग किया जाता है.



## 2. केमिकल फेस पैक :

यह फेस पैक कई कैमिकल से मिलकर बना होता है जैसे; मैग्नीशियम, कैलामाइन, कैल्शियम आदि से मिलकर बना होता है. इस प्रकार के फेस पैक को घर में नहीं बनाया जा सकता है. यदि कैमिकल को जरा से कम या ज्यादा कर दिया जाए तो यह स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है.



## फेस पैक बनाने के उद्देश्य :

- त्वचा में नमी बनाये रखने के लिए फेस पैक का प्रयोग किया जाता है.
- त्वचा के अतिरिक्त तेल को निकालता है.
- झुर्रियां कम करता है..
- फेस पैक डेड स्किन को निकालता है.
- ब्लड सर्कुलेशन को ठीक करता है.
- रोम छिद्र को खोलता है और त्वचा में ग्लो लाता है.

## अलग अलग प्रकार के तवचा के लिए फेस पैक तैयार करने कि विधि

## ड्राई स्किन के लिए फेस पैक :

सामग्री : बादाम, गुलाब जल, चन्दन I

विधि : 4 बादाम को रात भर पानी में भिगोकर सुबह पीस लें उसमें आधा चम्मच चन्दन पाउडर, गुलाब जल की कुछ बूँदें डालकर पेस्ट बना लें फिर ब्रश की सहायता से लगा लें, 10 मिनट बाद सूख जाने पर फेस को धो लें.






## ऑयली स्किन के लिए फेस पैक :

सामग्री : नीम की पत्ती, मुल्तानी मिट्टी, नीबू, गुलाब जल.

विधि : नीम की पत्ती और मुल्तानी मिट्टी को पाउडर बना लें इसमें कुछ बूँद गुलाब जल, नींबू की कुछ बूंदे मिलाकर पेस्ट बना लें, ब्रश की सहयता से लगा लें, सूख जाने के बाद ठंडे पानी से धो लें.






# सामान्य त्वचा के लिए फेस पैक :

सामग्री : गुलाब जल,खीरा ,चन्दन I

विधि : चन्दन पाउडर में खीर का जूस और गुलाब जल मिलाकर पेस्ट बनाकर फेस पर लगायें सूखने पर चेहरा धो ले I

नोट :चेहरा धुलने के बाद मॉइस्चराइजर अवश्य लगाये I






# फेस मास्क :

फेस मास्क दो प्रकार का होता है I

1. **केमिकल मास्क**





# 1. हर्बल मास्क



# फेस मास्क के लाभ :-

1. फेस मास्क चेहरे की झुर्रिया को कम करता है I
2. फेस मास्क ब्लैक हेड्स को हटा देता है I
3. फेस मास्क चेहरे के दाग धब्बो को कम करता है I
4. फेस मास्क का प्रयोग करने से त्वचा में टाईट इफेक्ट दिखाई देता है I
5. फेस मास्क चेहरे की डीप क्लीनिंग करता है I
6. फेस मास्क का प्रयोग से मुहासों कि समस्या कम होती है I
7. फेस मास्क से चेहरे पर ग्लो आता है I
8. फेस मास्क चेहरे के कुछ कुछ अनचाहे बालो को रिमूव करता है I

# प्रशिक्षण का सारांश

- फेस पैक की परिभाषा
- फेस पैक के प्रकार
- होममेड फेस पैक
- केमिकल फेस पैक
- फेस पैक बनाने के उद्देश्य
- अलग अलग प्रकार के तवचा के लिए फेस पैक तैयार करने कि विधि
- ड्राई स्किन के लिए फेस पैक
- ऑयली स्किन के लिए फेस पैक
- सामान्य त्वचा के लिए फेस पैक
- फेस मास्क

# प्रयुक्त सन्दर्भ

## हेयर एंड स्किन केयर थ्योरी

E-BOOK NIMI

&

ममता वर्मा,अंशुल वर्मा

❖ मनसा प्रकाशन

धन्यवाद :)

Industrial Training Institute

# व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

## प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय, उत्तर प्रदेश

ईमेल

info.dte@gmail.com